G. D. MISHRA INSTITUTE OF HIGHER STUDIES
(Recognized by N.C.T.E, E.R.C, Bhubaneswar, Odisha)

# निमंत्रण पत्र

आदरणीय शिक्षक / शिक्षिका,
सप्रेम नमस्कार!

हमें यह बताते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि G.D. Mishra Institute of Higher Studies, Buxar को आपकी शैक्षिक एवं व्यावसायिक उपलब्धियों पर गर्व है। यह संस्थान के लिए अत्यन्त गौरव की बात है कि इसके पूर्व प्रशिक्षु आज विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में कार्यरत होकर शिक्षा-जगत में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।
इसी अवसर पर हम आपसे एक और महत्वपूर्ण निवेदन करना चाहते हैं संस्थान की **वार्षिक प्रकाशन** "**नवपरिवर्तन**" हेतु आपसे एक लेख अपेक्षित है। लेख के संभावित विषय निम्नलिखित हैं:

1. शिक्षा में आपका अनुभव एवं दृष्टिकोण
2. समाज में बदलाव लाने में आपकी भूमिका
3. शिक्षा में नवाचार और उसका प्रभाव
4. युवाओं को सशक्त बनाने के आपके प्रयास

आपसे विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 1500 शब्दों में विचारात्मक एवं अनुभवात्मक लेख दिनांक 20 अगस्त 2025 तक नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से कॉलेज को प्रेषित करें, ताकि प्रकाशन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण की जा सके।
इसके साथ ही, हमें हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि आप दिनांक 06 सितम्बर 2025 को संस्थान परिसर में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में सादर आमंत्रित हैं, जहाँ आपका औपचारिक सम्मान किया जाएगा तथा प्रस्तुत लेखों पर विमर्श भी किया जाएगा।
लेख प्रेषण का माध्यम: हिन्दी / English
प्रेषण लिंक: **https://gdmishrainstitute.in/publication/**
आप उपर्युक्त लिंक के माध्यम से अपना लेख (PDF फॉर्मेट में) सबमिट कर सकते हैं,
आपकी सहभागिता हमारे लिए अत्यन्त मूल्यवान है। आइए, एक बार पुनः उस शिक्षकीय विरासत को साझा करें, जिसे आपने अपनी कर्मभूमि में सँवारा, संजोया और रूपांतरित किया है।

आपके सहयोग एवं आगमन की प्रतीक्षा में
सादर,

प्राचार्य
G.D. Mishra Institute of Higher Studies, Buxar